कोटद्वार,बुधवार
17 जनवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 255 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## मुख्यमंत्री ने किया 217.28 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

जयन्त प्रतिनिधि

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देव सिंह मैदान, पिथौरागढ़ में अयोजित 'दीदी-बैंणा' नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 217.28 करोड़ की कुल 65 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 82.82 करोड़ की कुल 37 योजनाओं का लोकार्पण एवं 134.45 करोड़ की 28 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के विकास को समर्पित विभिन्न घोषणाएं कि जिसमें आंवला घाट फेज-2 पेयजल योजना का निर्माण कार्य किए जाने, फगाली गाड़ से पनार पुल तक वैकल्पिक सड़क मार्ग का निर्माण कार्य किए जाने, मोस्टामानू मंदिर का सौंदर्यकरण किए जाने, नैनी-सैनी से जाजरदेवल तक हॉटमिक्स सड़क व नाली निर्माण कार्य किए जाने की घोषणा शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन के साथ भगवान श्री राम दरबार एवं कन्या पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने धारचूला की दारमा, व्यास घाटियों के वाइब्रेंट विलेज से आई महिलाओं के साथ बागेस्वरी चरखे एवं तकली से ऊन कताई की। साथ ही उन्होंने रांच में पारंपरिक विधि से कालिन भी



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विकास योजनाओं का लोकापर्ण एवं शिलान्यास करते हुए।

बनाया। मुख्यमंत्री ने फिरका और बिंडा (मटका) के माध्यम से मट्ठा भी बनाया। साथ ही सिलबट्टे में हरा नून (नमक) पीसा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिण सिडकुल आस्थान में 253 उद्यमियों को व्यवसायिक भूखंड आवंटन स्वीकृति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं एवं बहनों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि अपनी जन्मभूमि पिथौरागढ़ में आना उनके लिए हमेशा भावुक क्षण होता हैं। उन्होंने कहा आज जिन 206 करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है, वो सभी जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

इस क्षेत्र के विकास के साथ ही आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों की भांति ही अपनी जन्मभूमि में माताओं बहनों का जो प्यार और दुलार उन्हें मिला है उससे वे अविभूत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास हेतु राज्य सरकार हर संभव कार्य कर रही है। पिथौरागढ़ में जल्द ही मेडिकल कॉलेज बनेगा। जिसके लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। मेडिकल कॉलेज हेतु लगभग 1 हजार से

◆बिण सिडकुल आस्थान में 253 उद्यमियों को व्यवसायिक भूखंड किये आवंटित
◆अब विकास की दौड़ में हमारे सीमांत जनपद रहेंगे सबसे आगे

ज्यादा पदों की स्वीकृति पर मंत्रिमंडल द्वारा सहमति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा पिथौरागढ़ में पार्किंग पंपिंग योजनाएं प्रशासनिक भवन सड़कों के निर्माण कार्य में भी तेजी आई है।

मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत पिथौरागढ़ के मंदिरों को भी जोड़ा गया है। उन्होंने कहा नैनी सैनी हवाई अड्डे में 19 सीटर विमान की ट्रायल लैंडिंग सफल हुई है। डीजीसीए की अनुमति आने पर यह विमान नियमित पिथौरागढ़ से चलेगा। उन्होंने कहा विकास की दौड़ में हमारे सीमांत जनपद सबसे आगे रहेंगे। इस दौरान विधायक बिशन सिंह चुफाल, विधायक फकीर राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोरा, दायित्व धारी गणेश भंडारी, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भोरियाल ब्लॉक प्रमुख सुनीता कन्याल, बबीता चुफाल, विनीता बाफिला, अर्चना गंगोला, भाजपा जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी जिलाधिकारी रीना जोशी, एसपी लोकेश्वर सिंह आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस ने कभी नहीं किया राम मंदिर का विरोध, भाजपा को बस हिंदू–मुस्लिम का मुद्दा बनाना था

**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज एक बार फिर अयोध्या के श्री राम मंदिर को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी राम मंदिर का विरोध नहीं किया, पर भाजपा को केवल ये मुद्दा हिंदू–मुस्लिम का बनाने के लिए मस्जिद गिराना था।

श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी भी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध नहीं किया। केवल विवादित भूमि में निर्माण हेतु न्यायालय के फ़ैसले तक इंतज़ार करने के लिए कहा था।

ग़ैर विवादित भूमि पर भूमि पूजन भी राजीव जी के समय हो गया था। नरसिम्हा राव जी ने राम मंदिर निर्माण के लिए ग़ैर विवादित भूमि का अधिग्रहण भी कर दिया था। लेकिन भाजपा, विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मंदिर निर्माण नहीं मस्जिद गिराना था। क्योंकि जब तक मस्जिद नहीं गिरेगी तब तक मुद्दा हिंदू मुसलमान का नहीं बनता। उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से कहा कि विध्वंस उनकी चाल व चरित्र में है अशांति फैला कर राजनीतिक लाभ लेना उनकी रण नीति है। इसीलिए उनका नारा था राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। अब वहां क्यों नहीं बनाया? जब उच्चतम न्यायालय ने विवादित भूमि न्यास को दे दी थी? इसका जवाब तो केवल विहिप के चंपत राय जी या नरेंद्र मोदी जी ही दे सकते हैं।

## 'सीट बंटवारे पर हो रही चर्चा, जल्द होगा समाधान': राहुल गांधी

**चिफोबोजू, एजेंसी।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे का जल्द समाधान निकल जाएगा। उन्होंने इस दौरान दावा किया कि विपक्षी गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देगा। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों के बीच आपसी सम्मान और प्रेम हैं। यह गठबंधन भाजपा, आरएसएस के विचारों का विरोध करता है।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान नागालैंड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए



राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में हैं। सभी सहयोगी दल आपस में बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल सीट बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा की जा रही है, मुझे लगता है कि जल्द ही आप लोगों को एक अच्छी खबर मिलने वाली है।

## भारत–चीन सीमा पर बलिदान हुए राइफलमैन शैलेंद्र

### घर के इकलौते चिराग की मौत से परिवार में मातम

**चिन्यालीसौड़(उत्तरकाशी)।** उत्तराखंड में उत्तकाशी के कुमराड़ा गांव निवासी भारतीय सेना की गढ़वाल स्काउट में राइफलमैन शैलेंद्र सिंह कठैत ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके बलिदान की सूचना से गांव व क्षेत्र में शोक की लहर है। बुधवार को बलिदानी राइफलमैन शैलेंद्र का पार्थिव शरीर गांव लाया जाएगा। जहां पैतृक घाट पर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा।

जानकारी के अनुसार, भारत–चीन सीमा



के नीति घाटी की गोल्डुंग पोस्ट में तैनात राइफलमैन शैलेंद्र सिंह कठैत गत दिवस अपने साथियों के साथ गश्त कर रहे थे, इस दौरान ड्यूटी के दौरान वह वीरगति को प्राप्त हो गए।

बताया कि शैलेंद्र घर का इकलौता चिराग था। उसकी दो छोटी बहने हैं। दो माह पहले ही उसके पिता कृपाल सिंह कठैत के निधन पर वह घर आए थे।

यहां पिता का अंतिम संस्कार कर ड्यूटी पर लौटा थे। उनके बलिदान से उसकी पत्नी अंजू और मां ध्यान देई का रो–रोकर बुरा हाल है। शैलेंद्र की पांच और एक वर्ष की दो छोटी बेटियां हैं।

## नहीं होगा कृष्ण जन्मभूमि से सटे शाही ईदगाह परिसर का सर्वे, अनुमति पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश देने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आदेश पारित किया। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही जारी रहेगी।

उच्च न्यायालय ने 14 दिसंबर, 2023 को अधिवक्ता आयुक्तों की अदालत की निगरानी वाली तीन सदस्यीय टीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। इस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने मस्जिद पक्ष की ओर से एक वकील को सुनने के बाद कहा, आयोग की नियुक्ति के आदेश पर अमल नहीं किया जाएगा। इलाहाबाद उच्च के आदेश में शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए एक आयोग नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर



रोक लगाते हुए कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश आठ नियम 10 पर अस्मा लतीफ मामले में हाल के फैसले के आलोक में कुछ कानूनी मुद्दे उठे हैं। शीर्ष अदालत की पीठ ने यह भी कहा कि आवेदन ने सर्वव्यापी प्रार्थना की। प्रार्थना भी अस्पष्ट थी और विशिष्ट नहीं थी। उच्चतम न्यायालय की ओर से वरिष्ठ उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका का वकील श्याम दीवान ने हिंदू पक्ष की ओर से विरोध किया।

शीर्ष अदालत ने हालांकि आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 जनवरी 2024 को करेगी। इलाहाबाद उच्च के न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि वह आयुक्त की नियुक्ति और सर्वेक्षण के तौर–तरीकों पर फैसला करेगी। उच्च न्यायालय ने हरि शंकर जैन और अन्य के माध्यम से देवता (भगवान श्री कृष्ण विराजमान) की ओर से दायर याचिका पर आदेश पारित किया था। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट औरंगजेब ने भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के एक हिस्से को ध्वस्त करने के बाद किया था। याचिकाकर्ता जैन ने फैसले को 'ऐतिहासिक' बताते हुए कहा था कि यह हमारी मांग थी कि एक अधिवक्ता आयुक्त द्वारा एक सर्वेक्षण कराया जाए क्योंकि मस्जिद में कई सबूत हैं जो साबित करते हैं कि यह वास्तव में एक हिंदू मंदिर था। हिंदू पक्ष ने पूरी 13.37 एकड़ भूमि पर स्वामित्व का दावा किया है, जिस पर संरचनाएं स्थित हैं। उन्होंने शाही ईदगाह मस्जिद समिति और श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के बीच 1968 के समझौते को भी चुनौती दी है, जिसने मस्जिद को उस भूमि का उपयोग करने की अनुमति दी थी जिस पर वह स्थित थी।

# सीएम धामी ने किया पिथौरागढ़ में आयोजित रोड शो में प्रतिभाग





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पिथौरागढ़ में सुरेंद्र सिंह बल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम से देव सिंह मैदान तक आयोजित रोड शो में प्रतिभाग किया। इस दौरान क्लॉक टावर टकाना, गुप्ता तिराहा, केमू रोडवेज स्टेशन से देव सिंह मैदान तक आयोजित रोड शो में सम्मिलित होकर हजारों की संख्या में स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधियों, रंग कर्मियों, अधिवक्ताओं, पूर्व सैनिकों, विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। लोक वाद्य यंत्रों, पारंपरिक लोक नृत्य छोलिया, कलश यात्रा के बीच मुख्यमंत्री ने भी स्थानीय जनता पर पुष्प वर्षा कर सभी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉपरेटिव बैंकों में प्रबंधकों के तबादले

देहरादून। सहकारी विभाग के कॉपरेटिव बैंकों में महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक स्तर के अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। राज्य सहकारी बैंक के प्रबन्ध निदेशक नीरज बेलवाल ने मंगलवार को तबादला आदेश जारी किए। महाप्रबंधक राम अवध को राज्य सहकारी बैंक मुख्यालय हल्द्वानी से डीसीबी चमोली के जीएम पद पर भेजा गया। डीसीबी चमोली के जीएम सौ सिंह को डीसीबी पिथौरागढ़ में जीएम पद पर भेजा गया है। डीसीबी पिथौरागढ़ के प्रभारी जीएम दिग्विजय सिंह को डीएसबी नैनीताल में डीजीएम पद की जिम्मेदारी दी गई। डीसीबी टिहरी में प्रभारी जीएम संजय रावत को प्रभारी जीएम डीसीबी कोटद्वार बनाया गया। डीसीबी उत्तरकाशी में प्रभारी जीएम राहुल गैरोला प्रभारी जीएम डीसीबी टिहरी गढ़वाल के पद पर भेजा गया। टिहरी में डीजीएम पद का जिम्मा देख रहे नारायणी को प्रभारी जीएम डीसीबी उत्तरकाशी बनाया गया। डीसीबी चमोली में डीजीएम दीक्षा कंडवाल को डीसीबी देहरादून में डीजीएम पद पर स्थानान्तरित किया गया। सभी को तत्काल नई तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने के निर्देश जारी किए गए।

### फड़ ठेली वालों को व्यापार के लिए जगह उपलब्ध करवाए नगर निगम

देहरादून। विभिन्न संगठनों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी सोनिका से फड़ ठेली लगाने वाले व्यापारियों को व्यापार के लिए जगह उपलब्ध करवाने की मांग की। साथ ही कहा कार्रवाई के नाम पर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। सचिव सीपीआईएम देहरादून अनंत आकाश ने कहा कि इन दिनों नगर निगम, पुलिस प्रशासन और अन्य विभागों के द्वारा फड़ ठेली लगाने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पंजीकरण करवाने के बाद भी कई के चालान काटे जा रहे हैं। सामान जब्त किया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से फड़ ठेली लगाने के लिए जगह उपलब्ध करवाने की मांग की गई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने व्यापारियों के हित में ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सपा के प्रदेश महामंत्री अतुल शर्मा, अमर सिंह, भीम आर्मी के महानगर अध्यक्ष आजम खान, आयूपी के अध्यक्ष नवनीत गुसाईं, उपाध्यक्ष बालेश बबानिया, आंदोलनकारी परिषद के सुरेश कुमार, चिन्तन सकलानी, सीपीएम के जिला सचिव राजेन्द्र पुरोहित, चेतना आंदोलन के शंकर गणेश, बार काउंसिल उत्तराखंड के सदस्य एडवोकेट रंजन सोलंकी, नेताजी संघर्ष समिति के प्रभात डंडरियाल, राजेश रावत आदि मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने शीतला माता मंदिर में की सफाई



हरिद्वार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कनखल मंडल के शीतला माता मंदिर में सफाई की। इस मौके पर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि यह सफाई अभियान प्रतिदिन विधानसभा क्षेत्र में चलाया जा रहा है।

22 तारीख को जब प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होगी तो पूरा देश इसे दीपावली पर्व के रूप में मनाएगा। जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जिले के सभी तीर्थ स्थलों की सफाई अभियान में लगा है। जिला प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि पूरे उत्तराखंड में सभी तीर्थ स्थल पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता यह अभियान चला रहे हैं।

इस मौके पर नगर निगम के निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, मंडल अध्यक्ष हीरा बिष्ट, अनिमेष शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री दिपांशु विधार्थी, सर्वेश प्रजापति, छवि पंत, कपिल बालियान, लक्ष्मण कटारिया, शुभम मंडोला, नितिन शर्मा, प्रीति गुप्ता, प्रशान्त सैनी, सचिन अग्रवाल, मुकेश, राजकुमार, मीनाक्षी मित्तल, राघव गुप्ता, मनोज वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। उधर, संजय चोपड़ा के नेतृत्व में तुलसी चौक पर तुलसीदास की मूर्ति का जलाभिषेक कर स्वच्छता अभियान चलाया।

## भाजपाइयों ने हनुमान मंदिर में किया चालीसा पाठ

देहरादून। भाजपा जीएमएस मंडल की ओर से मंगलवार को मोहित नगर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा व विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक सविता कपूर ने कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर परिसर में सफाई भी की।इस दौरान डॉ अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम सभी भारतवासियों के आदर्श हैं।

कहा कि 500 साल के लंबे संघर्षों व कई बलिदानों के बाद श्रीराम अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में 22 जनवरी को विराजमान होंगे। उन्होंने लोगों को श्रीराम का आशीर्वाद स्वरूप पूजित अक्षत व श्रीराम मंदिर के चित्र भी बांटे। कैंट विधायक सविता कपूर ने कहा कि ये राज्य देश ही नहीं पूरे सनातन के लिए एक अद्वितीय क्षण होगा जब मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुमित पांडे, निवर्तमान वर्तमान पार्षद अमित सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू बंसल, विजय गुप्ता, शेखर नौटियाल, संतोष कोठियाल, मधु जैन, अजय जैन, राजकुमार तिवारी, मुक्त वर्मा, धीरज ग्रोवर, विनोद तोमर, अरुण वैश्य, सहित सैकड़ो की संख्या में मंदिर समिति के पदाधिकारी व भक्तगण उपस्थित रहे।

# संयुक्त सचिव भारत सरकार रितेश चौहान ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति समीक्षा

देहरादून। संयुक्त सचिव भारत सरकार रितेश चौहान ने विकासभवन सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आ रही समस्याओं एवं अनुभवों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की भोगोलिक स्थिति के अनुसार सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुझाव भी लिए।

संयुक्त सचिव भारत सरकार ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से विभागावार योजना की प्रगति की जानकारी ली उन्होंने पीएम किसान योजना, केसीसी के सम्बन्ध में कृषि, उद्यान, नाबार्ड एवं जिला अग्रणीय बैंक के अधिकारियों से योजनाओं हेतु प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन की विस्तृत जानकारी लेते हुए किसान, ऋण सम्बन्धी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए खण्ड विकास अधिकारियों को एसओपी से अवगत कराने तथा लाभार्थियों में अभिलेखीय, कमियों,



एवं उनके सत्यापन के सम्बन्ध में वीडीओ से समन्वय कराते हुए कार्य पूर्ण कर पोर्टल पर अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, मत्स्य, पूर्ति, बाल विकास, शिक्षा, पंचायतीराज, समाजकल्याण आदि विभागों के अधिकारियों/कार्मिकों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभान्वित किए गए लोगों से जानकारी प्राप्त की।

मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त सचिव भारत सरकार को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद देहरादून के 401 ग्राम पंचायतो में विकसित भारत सकल्प यात्रा का कार्यक्रम 15 नवंबर, 2023 से 27 दिसम्बर, 2023 तक सम्पन्न हुआ। इस दौरान जनपद के ग्रामीण अंचल में 139419 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रति कार्यक्रम व्यक्तियों की संख्या 348 रही। कुल मिलाकर 1494 विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा अपने से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुऐ अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। 461 लाभार्थियों के द्वारा ह्यमेरी कहानी मेरी जुबानीह्न के अर्न्तगत विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से उनको उपलब्ध कराये गये लाभों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। 359 ग्राम पंचायतों को जल जीवन मिशन के अर्न्तगत हर घर जल से संतृप्त किया गया। 192 ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। 267 ग्राम पंचायतों में लेन्ड डिजिटाइजेशन का कार्य सम्पन्न कराया गया।

# 16 फरवरी को जन आक्रोश रैली निकालेगी कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति

## गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार:** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में लगातार बढ़ रही समस्याओं पर कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति ने आक्रोश जताया है। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी शासन-प्रशासन समस्याओं को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। ऐसे में समिति ने 16 फरवरी को शहर में जन आक्रोश रैली निकालने का निर्णय लिया है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंगलवार को कोटद्वार बचाओ संघर्ष सममिति के संयोजक नागेंद्र उनियाल के नेतृत्व में समिति के सदस्य तहसील परसिर में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। समिति के संयोजक नागेंद्र उनियाल ने बताया कि राज्य गठन के बाद शहरवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, शासन-प्रशासन लगातार कोटद्वार की अनदेखी कर रहा है। कहा कि 18 अप्रैल 2015 को उत्तराखंड सरकार ने लालढांग व कोटद्वार रेंज के अधिकांश भाग को राजाजी राष्ट्रीय पार्क के बफर जोन में शामिल कर दिया था।



कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते समिति के पदाधिकारी व अन्य

जिसके कारण चिल्लरखाल-लालढांग का वन मोटर मार्ग नहीं बन पा रहा है। इसी बफर जोन में कण्वाश्रम-मवाकोट-पनियाली-कोटद्वार दुगड्डा हाइवे मोटर मार्ग भी है। जिससे कोटड़ी रेंज को पार्क के बफर जोन से मुक्त करना जरूरी है। पूर्व में सरकार ने कोटद्वार को जिला बनाने की घोषणा की थी। लेकिन, आज तक यह योजना धरातल पर रंग नहीं ला पाई।

नतीजा, आज भी शहरवासियों को जिले से संबंधित कार्यों के लिए पौड़ी की दौड़ लगानी पड़ती है। जिससे उनका समय व धन बर्बाद होता है। कोटद्वार तहसील में स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फरियादी मायूस होकर तहसील से वापस लौट रहे हैं।

कहा कि कोटद्वार तहसील में 12 सौ दाखिल खारिज व पांच सौ के लगभग संशोधन लंबित है। संघर्ष समिति ने ट्रेंचिंग ग्राउंड व मोटर नगर बस अड्डे के निर्माण में गबन का आरोप लगाया। कहा कि पूरे मामले की सख्ती से जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। समिति ने आश्वासन के बाद भी मेडिकल कॉलेज का निर्माण नहीं होने पर भी रोष व्यक्त किया।

कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी मेडिकल कॉलेज निर्माण नहीं होने से जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। समिति ने सरकारी नौकरियों में चतुर्थ श्रेणी, पुलिस होमगार्ड, पीआरडी, कांस्टेबल के पदों पर मूल निवास प्रमाण पत्र को अनिवार्य किए जाने, हिमांचल की तर्ज पर भू-कानून लागू किए जाने की मांग की है। कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए। इस मौके पर केसी राम निराला, चित्रमणि देवलियाल, विनोद कुमार नेगी, राजेंद्र पंत, गुलाब सिंह रावत, हयात सिंह गुसांई मौजूद रहे।

## 22 जनवरी को मंदिरों में होगें भजन कीर्तन

**पौड़ी :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रति क्षेत्र के लोगों में उत्साह बना हुआ है। क्षेत्र के मंदिरों में 22 जनवरी को पूजा-अर्चना व भजन कीर्तन के कार्यक्रम करने की तैयारियां चल रही हैं। जड़ाऊखांद संगलिया में राम मंदिर का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है। मंदिर समिति के आरपी ध्यानी व राकेश ध्यानी ने बताया कि 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन होगा। क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी पूजा-अर्चना व भजन कीर्तन की तैयारियां ग्रामीण कर रहे हैं।

## पुल के धीमे काम पर विधायक नाराज

**पौड़ी :** पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी ने बांघाट में बन रहे निर्माणाधीन पुल पर हो रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर अधिकारियों के नदारत रहने से विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने लोनिवि पौड़ी अधिशासी अभियंता दिनेश बिजल्वाण से सम्पर्क कर पुल के मरम्मत कार्य में तेजी लाने व अधिकारियों के उपस्थित रहने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मौजूद ठेकेदार ने 28 फरवरी तक कार्य पूरा होने का आश्वासन दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्वरोजगार के लिए 15 परिवारों को दिए चेक

**पौड़ी :** ग्रामीणों को गांव में ही स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता करने के साथ ही तकनीकी मदद भी दी जा रही है। सरकार के इस अभियान के तहत पौड़ी के अमकोटी गांव में ग्रामीण उद्यम वेगवद्धि परियोजना(रीप) की ओर से 15 अति गरीब परिवारों (अल्ट्रा पुअर) को रोजगार शुरू करने के लिए 35-35 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। मंगलवार को ब्लाक प्रमुख पौड़ी दीपक खुगशाल ने अल्ट्रा पूअर परिवार की महिलाओ को चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि रीप परियोजना द्वारा गरीब तबके के लोगों को आर्थिकी से जोड़ने के लिए यह बेहतर प्रयास है। इस प्रारंभिक धनराशि का सदुपयोग कर लाभार्थी इसका लाभ ले सकते हैं। रीप ने पौड़ी ब्लॉक के अलग-अलग गांवों से अभी तक 55 अल्ट्रा पुअर परिवार चयनित किए गए हैं। इन परिवारों को बकरी, गाय पालन, दुकान व सिलाई सेंटर आदि उद्योग आदि के लिए चयनित किया गया है। इससे पहले मल्ली गांव में भी 12 परिवारों को 35-35 हजार रुपये की धनराशि चेक के माध्यम से दिए जा चुके हे। रीप परियोजना द्वारा अभी तक कुल 27 परिवार को यह धनराशि दी जा चुकी है।

# बेहतर शिक्षा के दावे हुए हवाई, तकनीकी शिक्षा को युवा कर रहे पलायन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** पहाड़ों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन, हकीकत यह है कि आज भी पहाड़ी युवाओं को तकनीकी शिक्षा के लिए पलायन करना पड़ रहा है। इसका एक उदाहरण रिखणीखाल ब्लाक के बड़खेत में वर्षों से अधर में पड़ा पॉलिटेक्निक भवन है। शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम भवन निर्माण की सुध नहीं ले रहा है। भवन निर्माण के लिए एकत्रित सामग्री भी खराब हो चुकी है।

वर्ष 2012 में शासन ने रिखणीखाल ब्लाक के बड़खेत में पालीटेक्निक कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। इसके लिए ग्रामीणों ने करीब सौ नाली भूमि दान दी। भूमि मिलने के बाद शासन की ओर से भवन निर्माण को मंजूरी दी गई। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश निर्माण निगम को भवन निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन, पिछले दस वर्षों से भवन निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है। भवन ढांचे के ऊपर जो टीन लगाया गया था, वह भी तूफान से उड़ चुका है। भवन



रिखणीखाल ब्लाक के बड़खेत में खंडहर पड़ा पालीटेक्निक कालेज भवन

### रिखणीखाल में वर्षों से अधर में लटका है पॉलिटेक्निक भवन निर्माण

के आसपास टाइल्स व अन्य सामग्री अस्त-व्यस्त तरीके से पड़ी है। पूर्व में सरकारी सिस्टम ने निर्माण कार्य में विलंब का कारण पेयजल उपलब्ध नहीं होना बताया था। इसके बाद मल्ला बड़खेत के ग्रामीणों ने डबराल पेयजल लाइन बिछाने का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी विधायक को दे दिया था। लेकिन, इसके बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। क्षेत्र पंचायत सदस्य कर्तिया विनीता ध्यानी ने बताया कि कालेज भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। उम्मीद है जल्द ही भवन निर्माण कार्य शुरू होगा।

## बलूनी और कासिफ बने भाजपा नगर मंत्री

कोटद्वार : भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत व नगर प्रभारी दर्शन सिंह बिष्ट की अनुमति के पश्चात नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया ने ओम प्रकाश बलूनी और मोहम्मद कासिफ को पार्टी का नगर मंत्री मनोनीत किया है। नव नियुक्त नगर मंत्रियों से पदाधिकारियों ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने की आशा की है। वहीं कार्यकर्ताओं ने उनके मनोनयन पर हर्ष व्यक्त किया है।

## 26 जनवरी से होगी बॉलीवाल प्रतियोगिता

कोटद्वार : रिखणीखाल विकास खंड के अंतर्गत समाज सेवी लीलानंद लखेड़ा विकास समिति कलीगाड की ओर से 26 व 27 जनवरी को राइंका सिद्धखाल के प्रांगण में बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। यह जानकारी देते हुए समिति सचिव जयकृष्ण लखेड़ा ने बताया कि मुकाबले नाक आउट आधार पर खेले जायेंगे।

## हनुमान चालीसा का पाठ किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पूरे देश में संचालित धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को भाजपाईयों ने हनुमान मंदिर में सफाई अभियान चलाया।

मंगलवार को विधायक राजकुमार पोरी ने हनुमान मंदिर पौड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पूरे देश में संचालित धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे है। जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, महामंत्री शशी रतूड़ी, नगर अध्यक्ष क्रांति किशोर नेगी, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष विवेक ममगांई, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश जुगरान आदि शामिल रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन बंद रखी जाएं मांस व मदिरा की दुकानें

**कोटद्वार** : विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की स्थानीय इकाई के सदस्यों ने श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर 21 व 22 जनवरी को कोटद्वार शहर में मांस और मदिरा की दुकानों को बंद रखने की मांग की है। कहा कि प्रशासन को इस पर गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा है कि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कोटद्वार में भी मनाने का निर्णय लिया गया है। इस आयोजन में सभी सनातनी धर्म के अनुयायी बड़े ही उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। इस दिन पर मांस और मदिरा की दुकानें खुली होने से लाखों लोगों की भावनाएं आहत हो सकती हैं। इसलिए प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर मांस और मदिरा की दुकानें बंद रखी जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में विहिप जिलाध्यक्ष लोकपाल सिंह रावत, हर्ष भाटिया, मनोज शाह, मुकेश बहुखंडी, सचिन नेगी और अंकित नेगी आदि थे।



## सीएमएस डा. राय को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर गढ़वाल :** संयुक्त उपजिला चिकित्सालय के सीएमएस के निधन पर संयुक्त चिकित्सक संगठन के चिकित्सकों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्हेंने शोक व्यक्त करते हुए डा. रॉय को श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के संयोजक बीपी नैथानी ने कहां कि डॉ. राय मृदुभाषी, सरल और एक कर्मठ और योग्य चिकित्सक के साथ ही वे एक कुशल प्रशासक भी थे। शोक व्यक्त करने वालों में डॉ. गौतम नैथानी, डॉ. गरिमा नैथानी, डॉ. एमएन गैरोला, डॉ. एसके हटवाल, डॉ. हरीश भट्ट, डॉ. केके गुप्ता, डॉ. प्रशांत, डॉ. संगीत चौहान, डॉ. भरत चौहान सहित आदि मौजूद थे।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, दिल्ली से शादी में शामिल होने जा रहे थे कार सवार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** मंगलवार सुबह गुमखाल के निकट गहड मोड में एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में घायल तीन लोगों को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया। तीनों लोग दिल्ली से पौड़ी में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

गाजियाबाद रामपार्क निवासी विनोद शर्मा उम्र 49 वर्ष पुत्र शांतिलाल, चाकीसैंण ईडा तल्ला निवासी अवतार सिंह उम्र 48 वर्ष पुत्र कृपाल सिंह व लोनी गाजियाबाद निवासी दीवान सिंह उम्र 50 वर्ष पुत्र रतन सिंह दिल्ली से शादी में शामिल होने पौड़ी जा रहे थे।




गहड मोड पर घायलों को खाई से बाहर निकालती एसडीआरएफ की टीम

### गुमखाल के समीप गहड मोड के समीप हुई कार दुर्घटना

इसी दौरान गुमखाल के निकट गहड़ मोड पर उनकी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी एसडीआरएफ को दी। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ ने घायलों को खाई से बाहर निकालकर राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया।

## सीओ ने कीर्तिनगर थाने का किया निरीक्षण

**श्रीनगर गढ़वाल** : सीओ नरेंद्रनगर अस्मिता ममगांई ने मंगलवार को कीर्तिनगर कोतवाली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने मालगृह, शस्त्रागार, आपदा प्रबंधन, आपदा न्यूनीकरण के उपकरणों, महिला एवं शिशु सहायता पटल, थाना कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही भोजनालय की साफ-सफाई, महिला एवं पुरुष कर्मचारी बैरेक का भी निरीक्षण किया। सीओ ने कोतवाली के अपराध रजिस्टर समेत सभी अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने शस्त्रों और आपदा के उपकरणों का जायजा लेते हुए उचित रख-रखाव करने व लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करने के निर्देश भी दिये। इस मौके पर कोतवाल कमलमोहन भंडारी, वरिष्ठ उप निरीक्षक केआर आर्य, टीएसआई विपिन बिष्ट, किशन शाह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## विधायक विक्रम नेगी ने किए मां धारी देवी के दर्शन

**श्रीनगर गढ़वाल** : मंगलवार को श्रीनगर पहुंचे प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने मां धारी देवी के दर्शन किये। इस मौके पर विधायक नेगी ने पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मां धारी देवी तक जाने वाली सड़क की स्थिति बहुत खराब है जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आवाजाही करने में दिक्कतें पैदा हो रही हैं। साथ ही माता का दरबार चारधाम यात्रा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं व दूर-दराज से आने वाले भक्तों का दर्शन केंद्र भी है। जिससे आये दिन माता के दरबार में पहुंचने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री धामी को पत्र लिखकर मंदिर मार्ग तक पहुंचने वाली सड़क की स्थिति को सुधारने को लेकर बात करेंगे। (एजेंसी)

## गार्गी नेशनल योगिनी अवार्ड से सम्मानित होगीं डॉ. कविता

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की दर्शनशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य एवं प्रसिद्ध लेखिका डॉ. कविता भट्ट शैलपुत्री गार्गी नेशनल योगिनी अवार्ड से पुरस्कृत की जाएंगी। परमार्थ निकेतन, उत्तराखंड के तत्वाधान में कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए प्रदान किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय अवार्ड के लिए उनका नाम चयनित किया है। लेखिका डॉ. कविता भट्ट ने बताया कि यह अवार्ड योगदर्शन केंद्रित शैक्षणिक लेखन, व्याख्यानों तथा इसके वैश्विक प्रसार हेतु समर्पित महिलाओं को प्रदान किया जाता है। जिसके लिए वैश्विक स्तर पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं और चयन समिति गुणवत्तापरक कार्य के आधार पर सुयोग्य पात्रों का चयन करती है। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में आयोजित होने वाले योगिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में महर्षि चिदानंद सरस्वती, साध्वी भगवती और राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और गणमान्य विभूतियों की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय योगिनी सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। डॉ. भट्ट ने इस पुरस्कार के लिए अपने चयन के लिए चयन समिति की अध्यक्ष डॉ. आरएन लता और निर्णायक मंडल को धन्यवाद दिया। कहा कि यह पुरस्कार मिलने से लेखन के लिए उनका दायित्व और भी अधिक बढ़ जाएगा। (एजेंसी)

## गोलज्यू मंदिर में भाजपा ने स्वच्छता अभियान चलाया

**चम्पावत(सं)।** भाजपा ने मंदिर विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत गोलज्यू मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा तक पूरे देश के तीर्थ मंदिरों में यह स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी जी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम नारायण पांडेय, अम्बादत्त फुलारा, बूथ अध्यक्ष गोरल चौड़ विकास, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय, नगर अध्यक्ष ललित देउबा,नगर मंत्री भाजपा आनंद अधिकारी, पूर्व सभासद प्रकाश नाथ ज, प्रकाश भट्ट , राहुल रावत, तथा कैंप कार्यालय व नगर पालिका के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# महाविद्यालय के छात्रों को किराए में मिले छूट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जीएमओयू बसों में विद्यार्थियों को किराए में छूट देने की मांग की है। कहा कि पहाड़ के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सकें इसके लिए जीएमओयू को भी अपना योगदान देना चाहिए।

इस संबंध में अभाविप ने जीएमओयू के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल को ज्ञापन दिया। बताया कि जीएमओयू को पहाड़ की रीढ़ कहा जाता है। प्रतिदिन सैकड़ों विद्यार्थी जीएमओयू की बसों में बैठकर कोटद्वार महाविद्यालय में पढ़ने के लिए पहुंचते हैं। लेकिन, किराया अधिक होने के कारण उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके कारण कई विद्यार्थी नियमित कक्षा भी नहीं ले पाते। कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए जीएमओयू को विद्यार्थियों को किराए में छूट देनी चाहिए। इस मौके पर नगर मंत्री विकास कुमार, जिला संगठन मंत्री मृदुल भट्ट, जिला सहसंयोजक अनिकेत दुगलचा, अक्षित केष्टवाल, सृष्टि, सिमरन, सार्थक रावत, आयुष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में जीएमओयू के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल को पत्र देते अभाविप कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी

# कमलेश्वर महादेव मंदिर में सांसद ने चलाया स्वच्छता अभियान

**श्रीनगर गढ़वाल** : मंगलवार को श्रीनगर में गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कमलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर देशवासियों की खुशहाली की कामना की। सांसद रावत ने कमलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। साथ ही उन्होंने अन्य लोगों को भी श्रमदान करने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।

कहा कि देशभर में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत देशभर के मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर मंत्रियों और नेताओं द्वारा सफाई की जाएगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार द्वारा 22 जनवरी तक मनाये जा रहे संस्कृति महोत्सव के अंतर्गत श्रीनगर के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिला मंगल दल, व्यापार सभा के पदाधिकारी, स्थानीय लोग सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में श्रमदान कर रहे हैं।

इस मौके पर कमलेश्वर मंदिर के महंत आशुतोष पुरी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, भाजायुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुधीर जोशी, व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# चम्पावत में 24 पुलिस अधिकारी इधर से उधर

**चम्पावत(सं)।** चम्पावत जिले में कार्यभार संभालने के बाद एसपी अजय गणपति कुंभार ने पुलिस अधिकारियों को इधर से उधर करके नई गश्ती बनाई है। पहले चरण में जिले के 25 पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया गया है। एसपी अजय गणपति ने आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दो निरीक्षक, 14 पुरुष और आठ महिला दरोगाओं को नवीन तैनाती दी है। निरीक्षक एएचटीयू प्रताप सिंह नेगी को रीठासाहिब एसओ बनाया गया है। निरीक्षक बृजमोहन राणा को प्रभारी थाने का प्रभार मिला है। एसआई मीनाक्षी नौटियाल को पीआरओ प्रभारी महिला सेल, सुमन पंत को तामली थाने से शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभार सौंपा गया है। बनबसा से एसआई राधिका भंडारी को पाटी भेजा गया है। हिमानी गहतोड़ी को प्रभारी चौकी देवीधुरा, मंदाकिनी राणा को पंचेश्वर से टनकपुर कोतवाली, पिंकी धामी को चम्पावत से साइबर सेल टनकपुर भेज दिया है। अंजू यादव को टनकपुर से लोहाघाट, चम्पावत कोतवाली में एसएसआई भुवन चंद्र को प्रभारी चुनाव सेल बनाया गया। रीठा एसओ दीवान सिंह जलाल को एसपी वाचक, सुरेंद्र खड़ायत को एएचटीयू बनबसा, कैलाश जोशी को पंचेश्वर, सोनू सिंह को प्रभारी एएनटीएफ, नवल किशोर को मनिहारगोठ, ललित पांडेय और राजेश मिश्रा को कोतवाली चम्पावत, अरविंद कुमार को बाराकोट, देवेंद्र बिष्ट को लोहाघाट, हरीश प्रसाद को प्रभारी बैराज चौकी, कुंदन सिंह बोरा को प्रभारी सम्मन सेल, हेमंत कठैत को प्रभारी साइबर सेल चम्पावत और जितेंद्र सिंह बिष्ट को टनकपुर कोतवाली में नई तैनाती मिली है।

## पौड़ी में आज होगा महासम्मेलन

**पौड़ी** : बुधवार को रामलीला मैदान में शहर की समस्याओं के निराकरण को लेकर महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र के पूर्व सभासदों के साथ-साथ विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने भी महासम्मेलन को लेकर समर्थन जाहिर किया है। पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक नमन चंदोला ने प्रेस वार्ता में कहा कि शहर की समस्याओं के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा समय समय पर आवाज उठाई गई है, लेकिन अब समय आ चुका है जब सभी मिलकर संयुक्त प्रयास को अंजाम दें।। कहा कि लंबे समय से कूड़ा निस्तारण, जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं, जल कर भवन कर सहित अतिक्रमण को लेकर प्रशासन कि ठोस कार्यवाही नहीं दिखाई दे रही है।

कहा कि श्रीनगर में दस हजार लीटर पानी फ्री हो सकता है तो राज्य आंदोलन में अग्रणी रहने वाले गढ़वाल मंडल पौड़ी में ऐसा क्यों नहीं हो सकता। स्थानीय जनता जल कर भवन से बहुत परेशान हैं, लेकिन प्रशासन राहत देने के बजाय लगातार टैक्स वृद्धि ही कर रहा है। संघर्ष समिति के संयोजक ने कहा कि जब जनता को ये सब बातें बताई गई हैं तो जनता ने इन मुद्दों को लेकर समर्थन जाहिर किया है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, धार्मिक समुदायों, राजनीतिक दलों ने यहां सम्मेलन को लेकर अपना समर्थन जाहिर किया है और जनता से महासम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

## खाई में गिरी वैन, 14 लोग घायल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रिखणीखाल क्षेत्र के अंतर्गत बंजा देवी के समीप एक वैन गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में 14 लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया। 13 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जबकि, एक घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद वैन चालक फरार हो गया था। रिखणीखाल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि घटना सोमवार देर शाम की है। एक इको वैन सवारियों को लेकर कोटद्वार से रिखणीखाल जा रही थी। इसी दौरान बंजा देवी के समीप मोड में वैन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया कि वैन में क्षमता से अधिक सवारियां बैठी हुई थी। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायलों में ललित, सुरेंद्र सिंह रावत व उनकी धर्मपत्नी बीरा देवी, प्रकाश (प्रथम), प्रकाश (द्वितीय), चंद्र सिंह, चमन, भरत, रमेश बाबू, हरीश, रमेश, विकास, रमेश, भुवन शामिल हैं। चिकित्सकों ने बताया कि प्रकाश पुत्र हस्तराम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## अल्ट्रासाउंड जिला अस्पताल में लगी भीड़

**अल्मोड़ा(सं)।** पखवाड़े की व्यवस्था के चलते महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करने वाले रेडियोलॉजिस्ट रानीखेत में कार्य करने के लिए गए हुए हैं। इसके चलते मंगलवार को महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड ठप रहे। अल्ट्रासाउंड के लिए महिलाओं को जिला अस्पताल आना पड़ा। इससे जिला अस्पताल में मरीजों की काफी भीड़ लगी हुई है।

## भाजपाइयों ने बैजनाथ में चलाया स्वच्छता अभियान

**अल्मोड़ा(सं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसिद्ध बैजनाथ धाम में स्वच्छता अभियान चलाया। दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने सफाई कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत भाजपाइयों ने बैजनाथ मंदिर की सफाई की। लोगों से नदियों में कूड़ा न फेंकने की अपील की। इस मौके पर कूड़ा एकत्रकर नष्ट किया गया। राज्यमंत्री बिष्ट ने कहा कि स्वच्छता को लेकर आज लोग जागरूक हुए हैं। इस दौरान जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, मंडल अध्यक्ष मंडल राणा, कार्यक्रम संयोजक केआर आर्य, जेसी आर्या, पूरन रावत, डीके जोशी, दयाल काला, रमेश जोशी, गोपाल सिंह, नवीन खोलिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता आर्य, तायरा बानू आदि मौजूद रहे।

# मृतक आश्रितों में सभी को नियुक्ति दी जाए

**चम्पावत(सं)।** उत्तराखंड रोडवेज मृतक आश्रित संगठन के कर्मियों ने मृतक आश्रितों में सभी को नियुक्ति दिए जाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है। मंगलवार को उत्तराखंड रोडवेज मृतक आश्रित संगठन के संरक्षक गंगा गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कैंप कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उत्तराखंड परिवहन निगम में मृतक आश्रितों की नियुक्ति प्रक्रिया में रोक लगी हुई थी, जिसे कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव पास कर नियुक्ति का रास्ता खोल दिया गया है। बताया कि यह व्यवस्था साल 2017 से बाद के वर्षों के मात्र 195 आश्रितों के लिए ही खोली गई है। जबकि वर्ष 2000 से अभी तक यह प्रकरण लंबित होने के कारण यह संख्या बढ़कर 195 से अधिक हो गई है। बताया कि उत्तराखण्ड रोडवेज के तमाम मृतक आश्रित परिवहन निगम में नौकरी मिलने की आस में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने मृतक आश्रित कोटे की नियुक्ति प्रक्रिया को 2017 से न करते हुए उत्तराखंड राज्य बनने के बाद से किए जाने की मांग की है। यहां मोहित गुप्ता, सोनी, विनोद कुमार, देवकी देवी, किरन थापा, अनीता देवी, कुलदीप कुमार, अमित आदि रहे।

## मेले के दौरान नाबालिग की जमकर पिटाई, हायर सेंटर रेफर

**बागेश्वर(सं)।** उत्तरायणी मेले में कार्यक्रम देखने आए एक नाबालिग के साथ सोमवार रात कुछ युवकों ने मारपीट कर दी। उसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बिलखेत निवासी 17 वर्षीय संजय सिंह पुत्र मंगल सिंह सोमवार रात स्टार नाइट कार्यक्रम देखने अपने साथियों के साथ उत्तरायणी मेले में आया था। बताया जा रहा है कि नुमाइशखेत मैदान पर उसकी कुछ लड़कों से कहासुनी हो गई। युवकों ने संजय को लात-घूसों से जमकर पीट दिया। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉ. गिरजा शंकर जोशी ने बताया कि किशोर के सिर, नाक और आंख में गंभीर चोटें हैं। उसका प्राथमिक उपचार किया गया। सीटी स्कैन के चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इधर, पुलिस आरोपियों की खोजबीन के लिए सीटीटीवी कैमरे खंगाल रही है। कोतवाल केएस नेगी ने कहा कि आरोपियों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री धामी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां शुरू

## सीडीओ ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक, दिए दिशा निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : माह जनवरी के अंतिम सप्ताह में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में तैनात किए गए नोडल अधिकारियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विकास भवन कक्ष में बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं दायित्वों का निर्वहन कुशलता के साथ समय से करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का माह जनवरी के अंतिम सप्ताह में जनपद रुद्रप्रयाग का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसके लिए की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण के संबंध में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी व अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने, विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं, कार्यक्रमों उत्पादनों एवं प्रदर्शनी के लिए महाप्रबंधक उद्योग व जिला उद्यान अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रम के लाभार्थियों एवं स्वयं सहायता समूहों को पुरस्कृत किए जाने परियोजना निदेशक एवं परियोजना अधिकारी रीप को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में नगरीय क्षेत्रों के लाभार्थियों को प्रतिभाग करवाने हेतु संबंधित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत व्यवस्था करेंगे। इसी तरह अधिशासी अभियंता लोनिवि रुद्रप्रयाग कार्यक्रम स्थल में पंडाल व मंच की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बैठक में परियोजना निदेशक विमल कुमार, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रवेंद्र कुमार बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्रा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एनके ओझा, महाप्रबंधक उद्योग महेश प्रकाश, अधिशासी अभियंता सिंचाई खुशवंत सिंह चैहान, परियोजना प्रबंधक रीप (ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना) बीके भट्ट, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल, खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट, ऊखीमठ सूर्य प्रकाश शाह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## नाबार्ड ने डीसीबी टिहरी का सम्मान किया

नई टिहरी : डीसीबी टिहरी को नाबार्ड की योजनाओं के सफल क्रियावंयन के लिये पुरस्कृत किया गया है। बीते वर्षों में बैंक ने डिपॉजिट लोन और रिकवरी के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है। बैंक के जीएम ने उम्मीद जताई, कि आरबीआई बैंक को जल्द नेट और मोबाइल बैंकिंग की सुविधा देगा। राष्ट्रीय कृषि एंव ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने स्टेट क्रेडिट सेमीनार में नाबार्ड की योजनाओं के सफल क्रियांवयन के लिये देहरादून में जिला सहकारी बैंक टिहरी को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने के लिये पुरस्कृत किया है। बैंक के प्रभारी जीएम नारायणी सिंह और संजीव सिंह ने उक्त पुरस्कार लिया। कार्यक्रम में मौजूद सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष रमोला और बैंक प्रबंधन को शुभकामनायें दी। प्रभारी जीएम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 और 24 में बैंक ने हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसके लिये नाबार्ड की ओर से यह सम्मान दिया है। (एजेंसी)

## सीटू का सांकेतिक धरना 23 को

नई टिहरी : सेंटर फार ट्रेड यूनियन (सीटू) आगामी 23 जनवरी को विभिन्न मांगों को लेकर डीएम कार्यालय के समक्ष सांकेतिक धरना देने के साथ ही मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजने का काम करेगा। यह जानकारी देते हुए सीटू के जिलाध्यक्ष विशालमणी राणा और जिला सचिव चिंतामणि थपलियाल ने बताया कि उनकी मांगें हैं कि बढ़ती महंगाई के मद्देनजर न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाय। ओपीएस लागू किया जाय। आउससोर्स व ठेका प्रथा पूरी तरह से बंद की जाय। आशा, आंगनबाड़ी व भोजनमाताओं को कर्मचारी का दर्जा देते हुए न्यूनतम वेतन 26 हजार दिया जाय। महंगाई व बेरोजगार पर रोक के लिए ठोस नीतियां बनाई जायं। रेलवे के निजीकरण पर रोक लगाई जाय।

# सीएम ने 26 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे



जयन्त प्रतिनिधि।देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत 26 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। जिसमें 15 सहायक लेखाकार एवं 11 कनिष्ठ सहायक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित कार्मिक लगन व कड़ी मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और राज्य के विकास व जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

# सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सुरक्षित यातायात एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटना स्थल का संयुक्त निरीक्षण करते हुए दुर्घटना के कारणों को तत्काल दूर किया जाए। रोड़ सेफ्टी के अन्तर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉटों का सुधारीकरण, क्रैश बैरियर, पैराफीट व साइनेज लगाने के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। जो कार्य पूर्ण हो गए है, उनकी फोटोग्राफ के साथ रिपोर्ट दें। सड़कों का संयुक्त सर्वे एवं लंबित कार्यों को आपसी तालमेल के साथ शीघ्र पूरा किया जाए। एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस (आईआरएडी) में डेटा संकलन के लिए विभागों के नोडल अधिकारियों को पुनः प्रशिक्षण दिया जाए। एसडीएम, पुलिस एवं परिवहन विभाग अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव की रोकथाम के लिए सघन जांच करते हुए चालान की कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के बारे में जानकारी लेते हुए घायलों के उपचार हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, लोनिवि के अधीक्षण अभियंता राजेश चन्द्र, सीओ पुलिस नताशा सिंह, एसीएमओ डा. वीके सिंह, आरआई विक्रम कुमार, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित वर्चुअल माध्यम से सभी एसडीएम लोनिवि, बीआरओ एवं अन्य सड़क निर्माणदायी विभागों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।



# अफसर आपसी समन्वय के साथ विकास कार्यों को पूर्ण करें : तीरथ



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने मंगलवार को जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। उन्होंने विभागवार प्रगति समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनसे संबंधित योजनाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय अवधि व गुणवत्ता के साथ विकास कार्य पूर्ण को कहा।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान गढ़वाल सांसद ने सड़क निर्माणदायी संस्था पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, कृषि, एनआरएलएम आदि विभागों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सड़क निर्माणदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माणाधीन सड़कों एवं पुलों के कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए हैं कि नरकोटा व पपड़ासू के समीप बन रहे पुलों का हो रहे धीमी गति से कार्य को तेजी से करने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि संबंधित एजेंसी एवं ठेकेदार द्वारा तत्परता से कार्य नहीं किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत द्वितीय फेज के कार्यों की प्रगति समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम व जल संस्थान को निर्देश दिए हैं कि द्वितीय फेज में जो भी गांव आच्छादित नहीं हुए हैं उन गांवों को पेयजल से आच्छादित करना सुनिश्चित करे तथा पाइप लाइनों को ठीक तरह से अंडर ग्राउंड करने के निर्देश दिए।

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा के दौरान 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराते हुए कार्य करने वाले व्यक्तियों का समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा के दौरान उन्होंने विद्यालयों में बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील में भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए तथा सभी विद्यालयों में किचेन गार्डन में भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यानीकरण के क्षेत्र में मोटे अनाज एवं लोकल प्रोडक्ट पर विशेष ध्यान देते हुए इसे बढ़ाने पर जोर दिया जाए।

# भाजपाइयों ने नव दुर्गा मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान



नई टिहरी : अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को श्री राम भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में चलाये जा रहे सांस्कृतिक उत्सव के तहत भाजपाइयों ने नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली अगुआई में नव दुर्गा मंदिर बौराड़ी में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की।

मंगलवार को नव दुर्गा मंदिर में भाजपाईयों का व्यापक स्वच्छता अभियान चला। अभियान चलाते हुए नई टिहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने कहा कि सांस्कृतिक उत्सव पूरे जनपद में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के निर्देशन में धूमधाम मनाया जा रहा है। सांस्कृतिक उत्सव के तहत मंदिरों-मठों की सफाई, नगर पालिका व ग्राम सभाओं के सार्वनिक स्थलों की सफाई सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान मंदिरों की साज-सज्जा के साथ ही कीर्तन व भजनों का भी आयोजन किया जा रहा है।

सांस्कृतिक उत्सव को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही पूरे समाज को राममय करने का काम पूरी तत्परता से भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

# एकजुटता और प्रेम का दावा

इसी वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हैट्रिक को रोकने के लिए विपक्ष का गठबंधन पूरे जीजान से जुटा तो है लेकिन उसकी अपनी दिक्कत है यह है की गठबंधन के कुछ लोग दिशाहीन हो रहे हैं। "भारत जोड़ो यात्रा" के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी "भारत जोड़ो न्याय यात्रा" पर निकले हैं, वह भी ऐसे समय में या पूरे देश में सिर्फ और सिर्फ 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर में रामलाल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह दिखाई दे रहा है। विपक्षी नेताओं को निमंत्रण देने और शामिल न होने के दांवपेंच भी राजनीति का अखाड़ा बने हुए हैं। इधर विपक्ष या यह कहें कि "इंडिया गठबंधन" अपनी लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर कोई ऐसा हल निकालने की कोशिश में जुटा है जो इस गठबंधन की बुनियाद को बनाए रख सके। गठबंधन को एक बड़ा झटका मायावती के तेवरों से लग चुका है जिसमें वह अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। हालांकि मायावती एवं उनकी पार्टी बहुजन समाज पार्टी का खुद का कितना प्रभाव आम जनता के बीच है यह छिपा हुआ नहीं है। "इंडिया" गठबंधन सीटों के बंटवारे को लेकर काफी असमंजस में है और हर नेता को सीटों के बंटवारे को लेकर संतुष्ट करना इस गठबंधन के लिए एक विशाल पर्वत जैसी चुनौती है। बावजूद इसके राहुल गांधी जल्द समाधान निकलने की आशा में हैं। दलील तो यहां तक दी जा रही है कि विपक्षी गठबंधन इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देगा। अब यह अलग बात है कि राहुल गांधी के इन दावों के पीछे आंकड़ों तथा वास्तविकता का कोई भी मेल नजर नहीं आता है। राम जन्मभूमि में बन रहा भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने को लेकर कांग्रेस के ही कुछ नेता इनकार कर चुके हैं, जिसे कहीं ना कहीं आम लोगों में इन नेताओं के व्यवहार को लेकर नाराजगी भी नजर आ रही है। कांग्रेस और "इंडिया" महागठबंधन की सबसे बड़ी परेशानी नेतृत्व को लेकर है क्योंकि यहां महत्वकांछी नेताओं की भी कोई कमी नहीं है। महागठबंधन का पूरा कुनबा ऐसे ही नेताओं से भरा हुआ है जो अपने कारनामों से पहले भी गठबंधन के सिद्धांतों को धत्ता बता चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विजय रथ को रोकने के लिए राहुल गांधी भले ही "इंडिया" गठबंधन के दालों के बीच आपसी सम्मान और प्रेम की बातें कर रहे हो लेकिन महा गठबंधन की बैठकों के दौरान ही आपसी मनमुटाव और विवाद के प्रकरण सामने आ चुके हैं। अभी तो नेतृत्व को लेकर ही कोई सूरत स्पष्ट नहीं है तो सीटों के बंटवारे पर कैसे मंच पर एक राय बनेगी यह एक बड़ा सवाल है। फिलहाल तो पूरे देश का ध्यान केवल 22 जनवरी के उसे महा आयोजन पर केंद्रित है जो अयोध्या में संपन्न होगा, यह अलग बात है कि इंडिया गठबंधन के नेता इस आयोजन से खुद को अलग-अलग रखकर कहीं खुद ही हाशिए पर ना चले जाएं।

# खड़गे: भरोसे का नाम !

**हरिशंकर व्यास**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े न केवल कांग्रेस के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं, बल्कि विपक्ष के लिए भी भरोसे का चेहरा बने हैं। तभी अरविंद केजरीवाल से लेकर उद्धव ठाकरे सभी से सीटों के बंटवारे पर बात आगे बढ़ रही है। माना जा सकता है कि खडग़े यदि 'इंडिया' के अध्यक्ष बने तो विपक्ष 2024 का लोकसभा चुनाव कुछ राज्यों में कायदे से लड़ेगा। मैं विपक्ष की जीत की उम्मीद में नहीं हूं। लेकिन देश, राजनीति और लोकतंत्र से सरोकारों में मेरी चाहना है कि विपक्ष मजबूती से लड़े और उसे अच्छी संख्या में सीटें मिलें ताकि वह जिंदा रहे और लोकतंत्र सुरक्षित बने। भारत राष्ट्र-राज्य की एकता और अस्तित्व के लिए जरूरी है, जो मौजूदा सत्ता याकि नरेंद्र मोदी व भाजपा की रीति-नीति के विरोधियों का लोकतंत्र में विश्वास कायम रहे। यदि देश में पचास-पचपन प्रतिशत आबादी भाजपा के खिलाफ वोट देती है तो जरूरी है कि इन वोटों, समुदायों की आवाज, इनका प्रतिनिधित्व विधायिका में सम्मानजनक बना रहे!

उस नाते 2024 का चुनाव खत्म होते विपक्ष के लिए आर-पार का है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल से अखिलेश यादव, मायावती, लेफ्ट फ्रंट सबके लिए यह चुनाव आखिरी है। यदि लोकसभा चुनाव में इनका पूरा सफाया (इसकी आंशका है) हुआ तो इन सभी विरोधी नेताओं का सियासी वजूद मिटेगा। भाजपा का सीट लक्ष्य चार सौ पार का है। और ऐसा होना बंगाल, पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र में भाजपा की छप्पर फाड़ जीत से ही संभव है।

इसलिए कांग्रेस और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े का रोल अहम है। खडग़े की कमान में विपक्षी एलायंस में संजीदगी से सीट बंटवारे पर बात हो रही है। उनके कारण जहां कांग्रेस में समझदारी बनी है वही प्रदेश कांग्रेस नेताओं के किंतु-परंतु खत्म हुए हैं। उधर दूसरी पार्टियों के नेता भरोसे में हैं। कांग्रेस की सभी पार्टियों से प्रदेशवार बात हो रही है। कांग्रेस में अहमद पटेल की मृत्यु के बाद जो संकट था वह खत्म होता लगता है। हकीकत है कि अहमद पटेल के बाद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी मुख्यालय एआईसीसी में राजनीतिक नेटवर्किंग, मेलजोल, संपर्क-संबधों का ढरी बुरी तरह बिखरा। वैक्यूम बना। इसलिए भी क्योंकि राहुल गांधी अपनी धुन में अकेले और दो-तीन विश्वस्तों (जो बदलते रहे हैं) की नौकरशाही एप्रोच की राजनीति के अभ्यस्त हैं वही सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अपनी सीमाएं हैं।

इसलिए कांग्रेसियों में यह शिकायत



आम है कि अध्यक्ष के घर-दफ्तर व एआईसीसी और राहुल-प्रियंका के घर-दफ्तरों में कार्यकर्ताओं और शुभेच्छुओं के लिए एक्सेस तो मोदी-शाह के यहां से भी अधिक कठिन है। कांग्रेस का हर बड़ा नेता, प्रादेशिक क्षत्रप अपने आपको सर्वज्ञ नरेंद्र मोदी से कम सर्वज्ञ नहीं समझता है और लगातार चुनाव हारते जाने के बावजूद आलाकमान नेता अपने को राजनीति व चुनाव का ग्रैंडमास्टर समझते हैं। कांग्रेसी नेताओं का मिजाज जमीनी कार्यकताओं से मिलने, उन्हें करो-मरो की राजनीतिक लड़ाई के लिए प्रेरित करने का कतई नहीं है। सभी शिकायत करते मिलते हैं- हमें पूछता कौन है? मिलने का वक्त कौन देता है?

बहरहाल, मल्लिकार्जुन खडग़े की अध्यक्षता से कुछ बदला लगता है। दरअसल मल्लिकार्जुन खडग़े चुनाव लड़-लड कर, उन्हें जीतते हुए नेता बने हैं। हिसाब से खडग़े का जैसा जो राजनीतिक जीवन और अनुभव है वह जहां कांग्रेस में संभावनाओं का प्रमाण है वही राजनीतिबाजों के लिए अनुकरणीय भी। फिलहाल शरद पवार (83 वर्षीय) को छोड़ खडग़े सभी पार्टियों के मौजूदा सक्रिय नेताओं में सर्वाधिक उम्रदराज (81 वर्षीय) हैं लेकिन सेहत-सक्रियता-समझ और संजीदगी में मजबूत हैं। मामूली बात नहीं है जो खडग़े 1972 से लगातार बारह दफा विधानसभा-लोकसभा चुनाव लड़े और ग्यारह बार जीते। इतना ही नहीं उनकी कन्नड़, हिंदी, अंग्रेजी में पकड़ धाराप्रवाह भाषण की है।

मैं इस सबका उल्लेख इसलिए कर रहा हूं क्योंकि नीतीश कुमार या शरद पवार आदि में किसी की जगह यदि 'इंडिया' के संयोजक, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े बनते हैं तो विपक्षी एलांयस में बिखराव नहीं बनेगा। शरद पवार खुद उम्र और सेहत की वजह से महाराष्ट्र में अपने को समेटे हुए हैं। नीतीश कुमार के अरमान हैं लेकिन उन पर भरोसा अब जनता दल यू के भीतर भी नहीं रहा होगा। वे पार्टी में भाजपा के करीबी नेताओं की कठपुतली बन गए लगते हैं। सो, वे कब पाला बदल लें, क्या बोल जाएं, इसका चुनाव घोषणा तक सस्पेंस रहेगा।

यों विपक्ष को चेहरे की जरूरत नहीं है। न नरेंद्र मोदी के आगे उसे कोई चेहरा प्रोजेक्ट करना चाहिए। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में विरोधी पार्टियों को सिर्फ और सिर्फ वह नेता चाहिए जो विरोधी नेताओं को परस्पर जोड़े रखे और उनके दिल-दिमाग में यह सत्य पैठाए कि यह उनकी राजनीति का आखिरी चुनाव है!

सवाल है क्या मल्लिकार्जुन खडग़े उत्तर भारत के विरोधी नेताओं को समझा सकेंगे? वे कांग्रेस को क्या हिंदी भाषी राज्यों में लडने़ लायक बना सकेंगे? मुश्किल है। अपना मानना है वे खुद अपनी पार्टी के उत्तर भारतीय नेताओं, क्षत्रपों को भी नहीं समझा सकते हैं कि उन्हें क्यों कर लोकसभा चुनाव में करो-मरो की मेहनत करनी है! कांग्रेस के लिए जरूरी है जो वह राज्यसभा, एआईसीसी और प्रदेशों में बैठे सभी मठाधीशों को लोकसभा चुनाव लड़ाए। जो काम भाजपा करती है और माहौल बनाती है वह कांग्रेस-विपक्ष को भी करना होगा। भाजपा ने हालिया विधानसभा चुनावों में अपने कई मठाधीश नेताओं को विधानसभा चुनाव में उतारा। इससे यह नैरेटिव बना कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह चुनाव जीतने के लिए सब कुछ दांव पर लगाए हुए हैं लेकिन कांग्रेस में ऐसे आइडिया पर काम करवाने की सोच और हिम्मत न राहुल, प्रियंका, सोनिया गांधी में है और न मल्लिकार्जुन खडग़े बैठकों में उत्तर भारत के कथित बड़े नेताओं को लोकसभा चुनाव में झोंकने के मूड में हैं।

सचमुच यदि यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात मतलब भाजपा के गढ़ों में कांग्रेस सभी आला नेताओं को चुनाव लड़ाने का इरादा बनाए तो चालीस-पचास उम्मीदवारों की उसकी ऐसी लिस्ट बनेगी, जिससे अपने आप कांग्रेस के करो-मरो मोड में चुनाव लगने की हवा बनेगी। कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत, सीपी जोशी, सचिन पायलट, प्रमोद तिवारी, हरीश रावत, राज बब्बर, पीएल पुनिया, आनंद शर्मा, अजय माकन, अरविंदर सिंह लवली, भूपेंदर सिंह हुड्डा, दीपेंदर सिंह हुड्डा, अजय राय, गोविंद सिंह डोटासरा, जीतू पटवारी, या राज्यसभा के तमाम कांग्रेसी सांसदों, विधायक नेताओं, प्रदेश अध्यक्षों, दिग्गज विधायकों को लोकसभा चुनाव लड़वाना चाहिए ताकि हिंदी भाषी प्रदेशों में तीन-चार दर्जन सीटों पर कांग्रेस के कड़े मुकाबले का मनोविज्ञान बने।पर इस तरह की किसी आक्रमक एप्रोच में एआईसीसी और मल्लिकार्जुन खडग़े फिलहाल दिखलाई नहीं दे रहे हैं। जबकि हिसाब से कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा जैसे राज्यों में भाजपा से सीधे मुकाबले का है।

# ताईवानी लोगों का चीन को ठेंगा !

**श्रुति व्यास,**

विलियम लाई चिंग-टी ताईवान के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं। चीन से ताईवान की आजादी की पक्षधर उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) ने तीसरी बार जीत हासिल की है। जहां एक ओर ताईवान खुशी में झूम रहा है जश्न मना रहा है, वहीं चीन में शी जिन पिंग शायद लाल-पीले हो रहे होंगे, गुस्से से उबल रहे होंगे।

आखिकार, ताईवान का अपनी मातृभूमि का हिस्सा बनाना शी जिनपिंग का पुराना सपना है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान को अपने देश का पवित्र, खोया हुआ इलाका मानती है। कुछ सप्ताह पहले शी ने ताइवान के चीन में विलय को 'ऐतिहासिक अवश्यंभाविता' बताया था।लेकिन डीपीपी और लाई चिंग-टी की वापसी से यह 'अवश्यंभाविता' हवा-हवाई नजर आ रही है। यह एक निर्णायक चुनाव था जिसमें ताईवानी मतदाताओं ने जाहिर तौर पर चीन की उस धमकी को नजरअंदाज कर दिया जिसमें डीपीपी को पृथकतावादी बताया गया था। चीन ने कहा था कि डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी को वोट देने का मतलब है युद्ध के लिए वोट देना। जनता ने अपनी राय जाहिर कर दी है।

शनिवार को करीब 70 फ़ीसदी मतदाताओं ने वोट दिया। ताईवान के ज्यादातर लोग न तो स्वतंत्रता के पक्षधर हैं ना ही तुरंत एकीकरण के, बल्कि वे यथास्थिति अर्थात व्यावहारिक तौर पर ताईवान को आज़ाद बनाए रखना चाहते हैं। लाई चिंग-टी ने 40 प्रतिशत वोटों के साथ जीत हासिल की है। उन्होंने ताईवान की संप्रभुता से समझौता किए बिना चीन की राह रोकने की अपनी पार्टी की नीति जारी रखने का वायदा किया है। चुनाव जीतने के बाद जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने जनमत की सराहना करते हुए कहा, ताईवान दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि लोकतंत्र और अधिनायकवाद में से हम लोकतंत्र के पक्षधर हैं।उन्होंने अपने भाषण में यह वायदा भी किया कि वे चीन की जुबानी और सैन्य धमकियों से ताईवान की रक्षा करेंगे।

डीपीपी की जीत से दोनों महाशक्तियों झ्र चीन और अमरीका झ्र की बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के और जोर पकडने़ की संभावना है झ्र और यह अगले चार सालों तक तीखी होगी।

हालांकि इस जीत पर चीन की पूरी प्रतिक्रिया आने वाले महीनों में सामने आएगी मगर फिलहाल, नतीजे आने के तुरंत बाद, चीन ने एक चेतावनी भरा वक्तव्य जारी किया है। ताईवानी मामलों के उसके ऑफिस ने कहा कि इस चुनाव से इन दोनों देशों के संबंधों की दिशा में बदलाव नहीं होगा। मतलब यह कि अस्थिरता और तनाव का दौर जारी रहेगा और यह भी लगभग निश्चित है कि वह और गंभीर स्वरुप लेगा।चुनाव प्रचार के दौरान चीनी अधिकारियों ने वक्तव्यों और सरकारी प्रकाशनों के सम्पादकीय लेखों में लाई चिंग-टी को खलनायक बताया, उन्हें ताईवान की आजादी का अडियल पैरोकार ताईवान स्ट्रेट के दोनों ओर अमन-चैन नष्ट करने वाला और एक घातक युद्ध का संभावित रचयिता आदि बताया। ताईवान की स्वतंत्रता के बारे में लाई चिंग-टी के विचार अपने पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक स्पष्ट हैं और वे उन्हें बिना लागलपेट के व्यक्त करते रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने संकल्प व्यक्त किया था कि वे आधुनिकीकरण की राह पर चलते रहेंगे और एकाएक ताईवान को स्वतंत्र घोषित करने जैसा कोई कदम नहीं उठाएंगे (हालांकि अब डीपीपी के नेता कह रहे हैं कि ताईवान पहले से ही स्वतंत्र है इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं है!)।उनके साथी और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सियाओ बी-किम, जो अमेरिका में ताईवान के प्रतिनिधि रहे हैं और अब उपराष्ट्रपति निर्वाचित हो गए हैं, उन्हें भी वाशिंगटन में ताईवान की स्वतंत्रता का एक दृढ़ किंतु चौकन्ना रक्षक माना जाता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि डीपीपी का दुबारा सत्ता में आना अमेरिका के लिए कई दृष्टियों से फायदेमंद है। एक तो 2.30 करोड़ की जनसंख्या और सारी दुनिया को माईक्रोप्रोसेसर का सप्लायर होने के कारण ताईवान, वाशिंगटन के लिए वैश्विक स्थिरता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। और दूसरे चीन से मुकाबले में उलझे अमेरिका के लिए ताईवान में 'लोकतंत्र की जीत' एक दृष्टि से उसकी भी जीत है और कई मायनों में चीन की हार है।लेकिन यह सब निश्चित ही शी जिन पिंग को पसंद नहीं आ रहा होगा। दुनियाभर के जानकारों ने इन दोनों के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और इसके एक युद्ध की कगार तक पहुंचने के खतरे को लेकर चिंता जाहिर की है। बीजिंग ने यह साफ कर दिया है कि वह वाशिंगटन से ताईवान पर दबाव डालने और उसे दिए जाने वाले सैन्य समर्थन में कमी लाने की मांग करता रहेगा। वैसे भी, अमरीका और चीन के कूटनीतिक संबंधों में एक-दूसरे को चेताते हुए संदेशों की भरमार है।

> ताईवान की स्वतंत्रता के बारे में लाई चिंग-टी के विचार अपने पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक स्पष्ट हैं और वे उन्हें बिना लागलपेट के व्यक्त करते रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने संकल्प व्यक्त किया था कि वे आधुनिकीकरण की राह पर चलते रहेंगे और एकाएक ताईवान को स्वतंत्र घोषित करने जैसा कोई कदम नहीं उठाएंगे (हालांकि अब डीपीपी के नेता कह रहे हैं कि ताईवान पहले से ही स्वतंत्र है इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं है!)।उनके साथी और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सियाओ बी-किम, जो अमेरिका में ताईवान के प्रतिनिधि रहे हैं और अब उपराष्ट्रपति निर्वाचित हो गए हैं।

## राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहते ही हो गया था राम मंदिर का शिलान्यास, शरद पवार का बड़ा दावा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को दावा किया कि अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास तब ही हो गया था, जब राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं।

पवार ने यह बात कर्नाटक के निपानी में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा, ''राजीव गांधी के कार्यकाल में शिलान्यास किया गया था, लेकिन आज भाजपा और आरएसएस की ओर से भगवान राम के नाम पर राजनीति की जा रही है।''

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से 11 दिनों का उपवास रखने पर पवार ने तंज कसते हुए कहा, ''राम के प्रति उनकी श्रद्धा का मैं सम्मान करता हूं, लेकिन यदि उन्होंने गरीबी को मिटाने के लिए उपवास रखने का फैसला किया होता तो जनता ने इसे सराहा होता।'' श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान मंगलवार से आरंभ हो जाएगा और 21 जनवरी तक चलता रहेगा। रामलला की प्रतिमा 18 जनवरी को गर्भगृह में निर्धारित आसन पर स्थापित कर दी जाएगी। पिछले 70 वर्षों से पूजित वर्तमान प्रतिमा को भी नए मंदिर के गर्भगृह में ही रखा जाएगा। जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूरा ब्योरा सार्वजनिक किया।

## महिला सांसद ने कपड़ों के शोरूम में की गंदी हरकत, गंवानी पड़ी संसद सदस्यता

**वेलिंग्टन , एजेंसी।** कई बार कई देशों के माननीय ऐसी हरकतें कर बैठते हैं जोकि उनके सामने शर्मिंदगी की स्थिति ला देती है। ताजा घटनाक्रम न्यूजीलैंड का है। यहां एक महिला सांसद की संसद सदस्यता इसलिए चली गई क्योंकि उसने दुकान से लग्जरी कपड़े चुराए थे।

आरोपों से घिरने के बाद सांसद गोलरिज़ घरमन ने आज इस्तीफा दे दिया। सेंटर-लेफ्ट ग्रीन पार्टी की सांसद गोलरिज़ घरमन ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि मुझे मानसिक राहत के लिए थोड़ा वक्त चाहिए। घरमन ने पहली बार आरोपों पर बोलते हुए कहा कि मुझे यह स्पष्ट है कि मेरे काम से संबंधित तनावों से मेरा मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसने मुझे उन तरीकों से कार्य करने के लिए प्रेरित किया है जो पूरी तरह से मेरे चरित्र से परे हैं। मैं अपने कार्यों के लिए बहाना नहीं बना रही हूं, लेकिन मैं उन्हें समझाना चाहती हूं।

# सज गया 400 करोड़ रुपये का पटाखों का बाजार, राम मंदिर के शुभारंभ पर दीपावली से ज्यादा बिक रहे पटाखे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर के शुभारंभ से पहले पटाखों का भी एक बहुत बड़ा बाजार 22 जनवरी के लिए सज कर तैयार हो गया है। देशभर में पटाखे बनाने के लिए मशहूर शिवकाशी फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के मुताबिक दीपावली के बराबर का बाजार सिर्फ 22 जनवरी के लिए तैयार हुआ है। अभी तक की तैयारी के मुताबिक अयोध्या में राम मंदिर के शुभारंभ वाले दिन तक तकरीबन 250 करोड रुपये से ज्यादा का पटाखों का बाजार तैयार है।

जबकि देश के अलग-अलग हिस्सों में तैयार होने वाले पटाखों के बाजार को भी जोड़ा जाए, तो यह आंकड़ा 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो रहा है। ऑल इंडिया फायरवर्क ट्रेडर्स एसोसिएशन के मुताबिक 22 जनवरी को दीपावली से कम का बाजार नहीं बना है।

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के शुभारंभ पर एक बार फिर से



दीपावली मनाने की पूरे देश ने तैयारियां की हैं। इसके लिए बाकायदा बाजार में पटाखे की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया है। देशभर के अलग-अलग हिस्सों में पटाखे बनाने के लिए न सिर्फ लगातार ऑर्डर मिल रहे हैं, बल्कि सभी प्रमुख राज्यों के शहर और राजधानी में उनकी बिक्री भी तेज हो गई है। शिवकाशी फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के मुताबिक अयोध्या में राम मंदिर की तैयारी के साथ-साथ पटाखों कीए मांग भी तेजी से बढ़ी है।

संगठन के संजय मुरूगन कहते हैं कि बीते कुछ समय से दीपावली का बाजार पटाखों पर प्रतिबंध के चलते ठंडा ही रहा है। उनका कहना है कि एक समय यह बाजार 700 से 900 करोड़ रुपये का सिर्फ दीपावली के ही वक्त हो जाता था। लेकिन घटती मांग के चलते यह बाजार 400 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया। लेकिन राम मंदिर के शुभारंभ को लेकर एक बार फिर से दिवाली की रौनक वापस लौट आई है।

उनका कहना है कि अनुमान के मुताबिक 20 जनवरी तक पूरे देश में सिर्फ उनके संगठन से ताल्लुक रखने वाले निर्माताओं का ही 200 से 250 करोड़ रुपये का बाजार अनुमानित है। जबकि 150 करोड़ रुपये का बाजार देश के अलग-अलग राज्यों में निर्मित होने वाले पटाखों का भी माना जा रहा है। इंडियन फायरवर्क्स संगठन के सचिव अनूप जायसवाल बताते हैं कि राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह बना हुआ है। इसी उत्साह में एक बार फिर से देश में दीपावली मनाए जाने की तैयारियां चल रही हैं।

संगठन से जुड़े हुए निर्माता के पास जिस तरीके से 22 जनवरी को लेकर पटाखों की डिमांड बढ़ी है, उसे देख कर यह कहा जा सकता है की दीपावली के बराबर ही 22 जनवरी को आतिशबाजी होने का अनुमान है। अनूप कहते हैं कि नॉर्थ इंडिया में पटाखों की मैन्युफैक्चरिंग करने वालों को उत्तरी भारत समेत पश्चिम बंगाल और उत्तर-पूर्व में सौ से डेढ़ करोड़ रुपये के पटाखों की बिक्री अनुमान है। जबकि दक्षिण भारत के अलग-अलग राज्यों खासतौर से तमिलनाडु के शिवकाशी मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के आंकड़े उत्तर भारत से ज्यादा हैं।

## इराक की स्थिरता कमजोर करने वाले मिसाइल हमलों को नहीं सहेंगे, अमरीका की ईरान को दो टूक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमरीका ने इराक के अरबील शहर पर ईरानी सेना द्वारा किए गए मिसाइल हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की है। अमरीकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने बयान में कहा कि अमरीका आज अरबील में ईरान के हमलों की कड़ी निंदा करता है और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।

हम ईरान के लापरवाह मिसाइल हमलों का विरोध करते हैं, जो इराक की स्थिरता को कमजोर करते हैं। हम इराकी लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इराक सरकार और कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हैं। इससे पहले इराक में सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मिसाइल हमलों के कारण अमरीकी महावाणिज्य दूतावास और अरबील अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास कई विस्फोट हुए थे।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने हमलों की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उन्होंने ईरानी विरोधी आतंकवादी समूहों के ठिकानों और विशेष रूप से इराकी कुर्दिस्तान में इजरायल की खुफिया सेवा मोसाद के मुख्य मुख्यालयों में से एक को निशाना बनाया।

# कोहरे की दिक्कतों से निपटने के लिए मुस्तैदी बढ़ी, हवाई अड्डों को दिन में तीन बार देनी होगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट कर बताया है कि कोहरे के कारण होने वाली बाधाओं से निपटने केलिए अतिरिक्त उपायों का एलान किया है। दूसरी ओर, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दिल्ली, व चार अन्य मेट्रो हवाई अड्डों से इन घटनाओं के संबंध में दिन में तीन बार रिपोर्ट देने को कहा है। इसके साथ ही इन हवाई अड्डों के साथ-साथ विमानन कंपनियों को भी यात्रियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए 'वार रूम' स्थापित करने को कहा गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को बताया कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इन हवाई अड्डों पर चौबीसों घंटे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहें।

पिछले कुछ दिनों में प्रतिकूल मौसम के कारण देश के कई हवाई अड्डों पर अफरातफरी की स्थिति देखी गई। कोहरे के कारण उड़ान में देरी के बीच दिल्ली हवाई अड्डे पर एक यात्री की ओर से इंडिगो के पायलट पर हमला किए जाने और इंडिगो के एक विमान के यात्रियों के मुंबई हवाई अड्डे



के 'टरमैक' पर बैठने की घटनाएं हुई हैं। इस पृष्ठभूमि में, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सोमवार को मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी कीं। इससे पहले सिंधिया ने कहा था कि सभी हितधारक कोहरे से संबंधित व्यवधानों को कम करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

सिंधिया ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सभी छह मेट्रो हवाई अड्डों के लिए प्रतिदिन तीन बार घटनाओं के संबंध में रिपोर्ट" मांगी गई है।" दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता मेट्रो हवाई अड्डे हैं। मंत्री ने कहा कि यात्रियों की असुविधा के संबंध में किसी भी मुद्दे का तुरंत समाधान करने के लिए छह मेट्रो हवाई अड्डों पर एयरलाइन संचालकों और हवाई अड्डों द्वारा 'वार रूम' स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही चौबीसों घंटे सीआईएसएफ कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। दिल्ली हवाई अड्डे के संबंध में, मंत्री ने कहा कि रनवे आरडब्ल्यूवाई 29एल पर मंगलवार को सीएटी-3 प्रणाली चालू कर दी गई। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे पर सीएटी-3 के रूप में आरडब्ल्यूवाई 10/28 का परिचालन 'री-कार्पेटिंग' कार्य के बाद किया जाएगा। वर्तमान में, राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर चार में से तीन रनवे चालू हैं।

देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे आईजीआईए पर चार रनवे हैं जिनमें आरडब्ल्यू 09/27, आरडब्ल्यू 11आर/29एल, आरडब्ल्यू 10/28 और आरडब्ल्यू 11एल/29आर शामिल हैं। इनमें से सीएटी-3 सक्षम आरडब्ल्यू 11एल/29आर सहित तीन रनवे चालू हैं। सिंधिया ने यह भी कहा कि डीजीसीए के निर्देशों और एसओपी के कार्यान्वयन की निगरानी की जाएगी तथा नियमित रूप से जानकारी ली जाएगी।

# ज्ञानवापी मस्जिद विवादः सुप्रीम कोर्ट ने सीलबंद क्षेत्र में पानी की टंकी साफ करने को दी परमिशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने विवादित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी की सफाई के लिए वाराणसी जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश देने की कुछ हिंदू महिलाओं की एक याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका स्वीकार की। पीठ ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को संज्ञान में लिया कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। मुस्लिम पक्ष के वरिष्ठ वकील हुजे़फ़ा अहमदी ने पीठ के समक्ष कहा



कि उनके मुवक्किल को पानी टंकी की सफाई को लेकर कोई आपत्ति नहीं है।

प्रशासन को सफाई करने दें। इसके बाद पीठ ने निर्देश दिया कि पानी की टंकी की सफाई इस अदालत के पिछले आदेशों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन वाराणसी की देखरेख में की जानी चाहिए। इस मामले में दाखिल याचिका में अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने महिलाओं की ओर से अदालत से गुहार लगाते हुए कहा कि 16 मई 2022 को सर्वे होने के बाद पानी की टंकी की सफाई नहीं हुई है। याचिका में कहा गया कि पानी की टंकी में मछलियां 20.12.2023 और 25.12.2023 के बीच मर गई हैं। इसी वजह से टंकी से दुर्गंध आ रही है। याचिका में यह भी आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता अंजुमन इंतेजामिया मछलियों की उस स्थिति के लिए जिम्मेदार है, जिसके कारण उनकी मृत्यु हुई है।

याचिका में कहा गया कि यदि वाराणसी जिला मजिस्ट्रेट के अनुरोध के अनुसार मछली को स्थानांतरित कर दिया गया होता तो वर्तमान दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति उत्पन्न नहीं होती। चूंकि वहां मौजूद शिवलिंगम हिंदुओं के लिए पवित्र है, गंदगी और मृत जानवरों से दूर रखा जाना चाहिए। याचिका में अदालत से जिला मजिस्ट्रेट को शिवलिंगम के पूरे क्षेत्र की सफाई करने और स्वच्छ स्थिति बनाए रखने का निर्देश देने की मांग की गई है। महिला याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि मछलियों की जान को खतरे को देखते हुए 17 मई 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार और वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट की ओर से तालाब से मछलियों को स्थानांतरित करने के लिए उचित निर्देश जारी करने के लिए एक आवेदन दायर किया गया था। आवेदन हालाँकि, का अंजुमन इंतजामिया कमेटी ने आपत्ति दर्ज करके विरोध किया था, जिसमें कहा गया था कि मछलियों को संबंधित स्थान से स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने मई 2022 को कथित तौर पर मौजूद शिवलिंग की सुरक्षा और नमाज अदा करने के लिए मुसलमानों को उस स्थान आने-जाने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।

## यूक्रेन ने रूसी जासूसी विमान को नष्ट करने का किया दावा

**कीव ,एजेंसी।** यूक्रेन ने अजोव सागर के ऊपर एक रूसी जासूसी विमान को नष्ट करने का दावा किया है। यूक्रेन के कमांडर-इन-चीफ वलेरी जालुजनी ने टेलीग्राम पर पहले कहा कि दो विमान नष्ट हो गए हैं। उन्होंने लिखा, यूक्रेन की वायु सेना ने ए-50 लंबी दूरी के रडार का पता लगाने वाले विमान और आईएल-22 वायु नियंत्रण केंद्र को नष्ट कर दिया है। उन्होंने दक्षिणी यूक्रेन में पूरी तरह से योजनाबद्ध और क्रियान्वित ऑपरेशन के लिए वायु सेना को धन्यवाद दिया। एक बयान में, यूक्रेनी वायु सेना ने आजोव सागर क्षेत्र में विशेष अभियान को सफल बताया।यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने बाद में फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि जिन रूसी विमानों को निशाना बनाया गया उनमें से एक लैंडिंग कर चुका था। लंबी दूरी का रडार डिटेक्शन विमान ए-50 हमारे लिए प्राथमिकता वाला लक्ष्य था और है। आज तक इस विमान को नष्ट करना वायुसेना के लिए असंभव काम लगता था। अज़ोव सागर के ऊपर यूक्रेनी सेना द्वारा दो रूसी सैन्य विमानों को मार गिराए जाने की जानकारी देर रात सोशल मीडिया पर सामने आई।

# पूर्वत्तर में खेलों के विकास की हैं अपार संभावनाएं : राष्ट्रपति मुर्मू

शिलांग , राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों के विकास की अपार संभावनाएं हैं, साथ ही इस क्षेत्र में एक समृद्ध खेल संस्कृति भी है। राष्ट्रपति ने सोमवार को तुरा में मेघालय खेलों के 5वें संस्करण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विविधता भारत की सुंदरता है और खिलाड़ियों की प्रतिभा का उपयोग खेल क्षेत्र में भारत की वैश्विक छवि को और बढ़ावा देने के लिए किया जाना चाहिए।



उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों की प्रतिभाओं का समर्थन करने और उन्हें पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए तैयार करने की जरूरत पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने यह जानकर प्रसन्नता जताई कि पूर्वोत्तर का समाज महिलाओं को खेलने और खेल को एक पेशे के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह देखते हुए कि पूर्वोत्तर ने कई महान महिला एथलीटों को जन्म दिया है, उन्होंने इस क्षेत्र में साहसिक खेलों और साहसिक पर्यटन की क्षमता को भी रेखांकित किया और इसे प्राथमिकता के आधार पर तलाशने और लाभ उठाने की जरूरत को भी रेखांकित किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत की खेल संस्कृति काफी विकसित हुई है। उन्होंने कहा, सरकार की नई पहल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के साथ भारतीय खिलाड़ी अब वैश्विक प्रतियोगिताओं में पहले से कहीं अधिक पदक जीत रहे हैं। द्रौपदी ने कहा कि खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम भविष्य के खेल चैंपियनों की पहचान करने और उनका पोषण करने में मदद कर रहे हैं। भारत ने बड़े पैमाने पर अंतर्राष्ट्रीय खेल और अन्य आयोजनों की मेजबानी करने की अपनी क्षमता भी प्रदर्शित की है। राष्ट्रपति ने बच्चों और युवाओं से कम से कम एक खेल सीखने और खेल–संबंधी गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि वे खेल को करियर के रूप में अपनाएं या न अपनाएं, लेकिन एक साथ खेलने से वे शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के अलावा उनके व्यक्तित्व में टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मकता पैदा करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में इन खेलों को आयोजित करने का मेघालय सरकार का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है और इससे जनता के बीच ऐसे आयोजनों की व्यापक पहुंच सुनिश्चित होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मेघालय गेम्स जैसे आयोजन एथलीटों को उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करेंगे, प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देंगे और एक जीवंत खेल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेंगे।मेघालय खेलों में राज्य भर से 3,000 से अधिक एथलीट 22 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। यह पहली बार है, मेघालय की तीन जनजातियों खासी, जैन्तिया और गारो की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को खेलों के माध्यम से बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी खेल मेघालय खेलों का हिस्सा होंगे।

इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया, जहां से मुर्मू ने हेलीकॉप्टर द्वारा पश्चिम गारो हिल्स जिले के बालजेक हवाईअड्डे के लिए उड़ान भरी। राष्ट्रपति मंगलवार को मेघालय की राजधानी शिलांग में शिलांग रोपवे परियोजना की नींव रखेंगी।

### मेसी ने फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार बरकरार रखा

लंदन ,अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने बैलन डी ओर पुरस्कार जीतने के दो महीने बाद फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार बरकरार रखा। 36 वर्षीय खिलाड़ी मेसी लंदन में इस समारोह में मौजूद नहीं थे, जबकि बार्सिलोना में मेसी को प्रशिक्षित करने वाले पेप गार्डियोला पुरुषों के सर्वश्रेष्ठ कोच की ट्रॉफी लेने के लिए मौजूद थे। स्पैनियार्ड ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सीजन में प्रीमियर लीग खिताब, एफए कप और पहली चैंपियंस लीग भी जीताई। पेप गार्डियोला ने कई मैनचेस्टर सिटी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन करने में मदद की। उनके नेतृत्व में एडरसन ने सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर अवॉर्ड जीता। वहीं, ब्राजील के क्लब टीम के छह साथियों को वर्ष की पुरुष टीम में नामित किया गया था।

इसके अलावा, इंग्लैंड की मैनेजर सरीना विगमैन को महिलाओं के सर्वश्रेष्ठ कोच का ताज पहनाया गया, जबकि स्पेन और बार्सिलोना की मिडफील्डर ऐटाना बोनमती ने महिलाओं के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया।

मार्टा को उनके उत्कृष्ट करियर उपलब्धियों के लिए फीफा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 37 वर्षीय ब्राजीलियाई ने छह विश्व कप टूर्नामेंटों में 23 मैचों में 17 गोल किए। उन्हें छह बार दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के रूप में चुना गया है।

## पीकेएल 10 : 1001वें गेम में जयपुर पिंक पैंथर्स ने यू मुंबा को 31–29 से हराया



जयपुर , जयपुर पिंक पैंथर्स ने एसएमएस इंडोर स्टेडियम में यू मुंबा के खिलाफ बेहद मामूली गेम में 31–29 से जीत हासिल की। पिंक पैंथर्स के लीडमैन अर्जुन देशवाल (11 अंक) ने पिंक पैंथर्स को घरेलू मैदान पर लगातार तीसरी जीत दिलाने में मदद की और अपनी जीत का सिलसिला पांच तक बढ़ाया। खेल से पहले इन दोनों टीमों के बीच रिकॉर्ड 10 जीत और दो टाई का था।अर्जुन देशवाल जयपुर पिंक पैंथर्स के लिए प्रमुख खिलाड़ी हैं। उनके लगातार रेड पॉइंट ने स्कोरबोर्ड पर बढ़त बनाए रखा। दूसरे छोर पर, अमीरमोहम्मद जफरदानेश ने यू मुंबा के लिए ऐसा ही किया, जब तक कि चोट के कारण मैट पर उनका समय कम नहीं हो गया और यू मुंबा के लिए खतरे की घंटी बजा दी। यू मुंबा एक अंक की मामूली बढ़त के साथ ब्रेक में गया।रिंकू, सुरिंदर सिंह और मुकिलन शनमुगम को बाहर करने के लिए अजित कुमार की सुपर रेड ने खेल में टीमों के बीच पहला अंतर खोला, लेकिन यह लंबे समय तक नहीं रहा। यू मुंबा ने लगभग तुरंत ही पलटवार किया और दौड़ में बने रहने के लिए लगातार बोनस अंक बटोरे। अंतिम दो मिनट तक कोई भी टीम ऑलआउट करने में कामयाब नहीं हो पाई।

## द बेस्ट फीफा पुरस्कार 2023 : मेसी बने साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

लंदन , फीफा के द बेस्ट के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। वह इस प्रकार हैं

**पुरुष**

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना/पेरिस सेंट–जर्मेन–इंटर मियामी)

सर्वश्रेष्ठ कोचः पेप गार्डियोला (स्पेन/मैनचेस्टर सिटी)

सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरः एडरसन (ब्राजील/मैनचेस्टर सिटी)

पुस्कस (सवोत्तम गोल) पुरस्कारः गुइलहर्मे माद्गा (ब्राजील/बोटाफोगो)

फीफा फेयर प्ले अवार्डः ब्राजील की राष्ट्रीय टीम।

साल की बेस्ट टीमः थिबाउट कोर्टोइस (बेल्जियम/रियल मैड्रिड), काइल वॉकर (इंग्लैंड/मैनचेस्टर सिटी), जॉन स्टोन्स (इंग्लैंड/मैनचेस्टर सिटी), रूबेन डायस (पुर्तगाल/मैनचेस्टर सिटी), बर्नाडो सिल्वा (पुर्तगाल/मैनचेस्टर सिटी), जूड बेलिंगहैम (इंग्लैंड/बोरुसिया डॉर्टमुंड–रियल मैड्रिड), केविन डी ब्रूने (बेल्जियम/मैनचेस्टर सिटी), लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना/पीएसजी–इंटर मियामी), एर्लिंग हैलैंड (नॉर्वे/मैनचेस्टर सिटी), किलियन एम्बाप्पे (फ्रांस/पेरिस सेंट–) जर्मेन), विनीसियस जूनियर (ब्राजील/रियल मैड्रिड)

**महिला**

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः ऐटाना बोनमती (स्पेन/बार्सिलोना)

सर्वश्रेष्ठ कोचः सरीना विगमैन (नीदरलैंड/इंग्लैंड)

सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरः मैरी अर्प्स (इंग्लैंड/मैनचेस्टर यूनाइटेड)

वर्ष की टीमः मैरी इयरप्स (इंग्लैंड/मैनचेस्टर यूनाइटेड); ओल्गा कामीना (स्पेन/रियल मैड्रिड), लुसी ब्रॉन्ज़ (इंग्लैंड/बार्सिलोना), एलेक्स ग्रीनवुड (इंग्लैंड/मैनचेस्टर सिटी), केइरा वॉल्श (इंग्लैंड/बार्सिलोना), एलेसिया रूसो (इंग्लैंड/मैनचेस्टर यूनाइटेड–



आर्सेनल) लॉरेन जेम्स (इंग्लैंड/चेल्सी) ), एला टून (इंग्लैंड/मैनचेस्टर यूनाइटेड) ऐटाना बोनमती (स्पेन/बार्सिलोना), एलेक्स मॉर्गन (संयुक्त राज्य अमेरिका/सैन डिएगो वेव), सैम केर (ऑस्ट्रेलिया/चेल्सी)

नोट : महिलाओं के पुरस्कारों के लिए यह अवधि 1 अगस्त, 2022 और 20 अगस्त, 2023 के बीच थी। पुरुषों के पुरस्कारों के लिए यह अवधि 19 दिसंबर 2022 और 20 अगस्त, 2023 के बीच थी।

## सुमित नागल ने शुरुआती दौर में वर्ल्ड नंबर 27 बुबलिक को हराया

मेलबर्न , कौशल और दृढ़ संकल्प के शानदार प्रदर्शन से, सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में पहले दौर में अलेक्जेंडर बुबलिक पर लगातार सेटों में जीत दर्ज कर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

26 वर्षीय भारतीय टेनिस खिलाड़ी, जिन्हें तीन साल पहले मेलबर्न पार्क में निराशा का सामना करना पड़ा था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया।

अलेक्जेंडर बुबलिक का सामना करते हुए, दुनिया के 137वें नंबर के खिलाड़ी ने सटीकता और कौशल के साथ चुनौती का सामना किया और 6–4, 6–2, 7–6 (6–1) की जीत ने न केवल नागल को अगले दौर में पहुंचा दिया, बल्कि ग्रैंड स्लैम में पहले दौर के बाद उनकी दूसरी उपस्थिति भी दर्ज की। उनकी पिछली उपलब्धि 2020 यूएस ओपन में आई थी जब उन्होंने अंतिम चैंपियन डोमिनिक थिएम का सामना करने से पहले ब्रैडली क्लैन को हराया था।



नागल की जीत का महत्व उनकी उपलब्धियों से कहीं अधिक है, क्योंकि 1988 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैट्स विलेंडर पर रमेश कृष्णन की जीत के बाद वह 36 वर्षों में ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बन गए।

बुबलिक के खिलाफ नागल के शानदार प्रदर्शन ने उच्च जोखिम वाले मैचों के दबाव को संभालने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित किया। बुबलिक के विश्व रैंकिंग में 27वें नंबर पर होने के बावजूद, नागल ने पहले और दूसरे सेट में शुरुआत में ही ब्रेक लेते हुए दबदबा बनाए रखा। तीसरे सेट में ड्रामा देखने को मिला और बुबलिक ने वापसी करते हुए टाई–ब्रेकर का सहारा लिया। हालाँकि, नागल ने संयम बनाए रखा और अंततः अपने प्रतिद्वंद्वी के डबल फाल्ट के बाद जीत हासिल की।

आगे देखते हुए, नागल की अगली चुनौती चीनी वाइल्डकार्ड जुनचेंग शांग और मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के बीच विजेता के रूप में इंतजार कर रही है, वह खिलाड़ी जिसने पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में राफेल नडाल को हराया था।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com